## महत्वपूर्ण एवं खास

### विश्वभूषण हरिचंदन ने छत्तीसगढ़ के राज्यपाल पद की ली शपथ

**रायपुर (आरएनएस)।** विश्वभूषण हरिचंदन ने आज राजभवन के दरबार हॉल में आयोजित गरिमामय समारोह में छत्तीसगढ़ के नौवें राज्यपाल के रूप में अपने पद की शपथ ली। उच्च न्यायालय, बिलासपुर के मुख्य न्यायधिपति न्यायमूर्ति अरूप कुमार गोस्वामी ने उन्हें शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्रथम महिला सुप्रभा हरिचंदन भी उपस्थित रहीं।

### राज्य व्यवसायिक परीक्षा फार्म जमा करने की अंतिम 28 फरवरी

**रायगढ़।** संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण छ.ग.रायपुर द्वारा आयोजित की जानी वाली राज्य व्यवसायिक परीक्षा (एससीव्हीटी) माह मार्च 2023 की परीक्षा समय-सारणी जारी कर दी गई है। एससीव्हीटी भूतपूर्व प्रशिक्षणार्थी जिनके प्रयास शेष है, उक्त परीक्षा में सम्मिलित होंगे। एससीव्हीटी की परीक्षा 13 से 21 मार्च 2023 तक संपन्न होगा। जिसके लिए परीक्षा फार्म 28 फरवरी 2023 तक जमा कर सकते है। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रायगढ़ के भूतपूर्व प्रशिक्षणार्थी परीक्षा फार्म निर्धारित समय में भरकर संस्था में जमा कर सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

### बच्चों को निमोनिया व उससे संबंधित बीमारियों की पहचान व उपचार हेतु दिया गया प्रशिक्षण

**विकासखण्ड प्रभारी चिकित्सा अधिकारी एवं स्टॉफ नर्स रहे उपस्थित**

**रायगढ़।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में डॉ.अशोक अग्रवाल शिशुरोग विशेषज्ञ (प्रभारी एम.सी.एच अस्पताल) द्वारा बच्चों को निमोनिया जैसी व उससे संबंधित बीमारियों की पहचान करने व उपचार हेतु विकासखंडवार प्रभारी चिकित्सा अधिकारी/स्टाफ नर्स को 22 एवं 23 फरवरी को दो दिन का प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में 5 वर्ष तक के बच्चे को उनके आयु वर्ग के आधार पर तीन वर्गों में विभाजित कर उनके पौष्टिक आहार की स्वच्छता तथा नियमित टीकाकरण की जानकारी देकर बच्चों के अभिभावकों को उनके बच्चे के स्वास्थ्य के बारे सुझाव जानकारी दिया गया। पहला वर्ग दो माह से कम बच्चे, दूसरा दो माह से 12 माह तक, तीसरा एक वर्ष से 5 वर्ष तक के बच्चों को लिया गया है तथा शिशुवती महिलाओं को उनके बच्चे के 6 माह होने तक केवल माँ का दूध ही सेवन कराया जायें क्यों कि माँ का दूध बच्चे के (अमृत) वरदान है इसमें बच्चे को कई बीमारियों से लडऩे हेतु प्रतिरोधक क्षमता की प्राप्ति होती है।

### नक्सलियों ने प्रेस नोट जारी कर 3 लोगों को जान से मारने की दी चेतावनी

**नारायणपुर (आरएनएस)।** नक्सलियों के पूर्व बस्तर डिवीजन प्रवक्ता नीति ने हत्या की धमकी भरा जारी प्रेस नोट निको माइनिंग कंपनी में एजेंट का काम करने वाले तीन लोगों के नाम जारी कर हत्या करने की धमकी देते हुए लिखा है कि जिस तरह भाजपा नेता सागर साहू को माइनिग कंपनी की दलाली नहीं करने का आगाह किया गया था, बात नहीं मानने पर मौत के घाट उतारा गया। नक्सली प्रेस नोट निको माइनिंग कंपनी में एजेंट का काम करने वाले वैद्यराज, कोमल मांझी, हरी राम मांझी को जनता के सामने जाकर अपनी गलती मानने की चेतावनी दी है, नहीं मानने पर सागर साहू जैसे मौत की सजा देने की बात कही गई है, वहीं लोगों को कंपनी में दलाली नहीं करने की चेतावनी दी है।

# रायगढ़ तहसील कार्यालय में आयोजित हुआ वृहद राजस्व शिविर : एक दिन में हुआ 1868 आवेदनों का निराकरण

- **शिविर में सौ से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों की टीम ने 94 फीसदी मामलों का मौके पर ही किया निपटारा**
- **कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ रायगढ़ जिले का अब तक सबसे बड़ा राजस्व अभियान**





**रायगढ़।** रायगढ़ में आज तहसील स्तरीय वृहद राजस्व शिविर लगाया गया। जिसमें राजस्व से जुड़े मामलों का बड़े पैमाने पर निराकरण किया गया। शिविर में प्राप्त आवेदनों में 94 प्रतिशत का निराकरण मौके पर ही कर दिया गया। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के मार्गदर्शन में रायगढ़ तहसील के अंतर्गत राजस्व मामलों के निराकरण के लिए शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुल 1984 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें से 1868 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया। शेष 116 आवेदनों के निराकरण के लिए भी कार्यवाही शुरू कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने पिछले दिनों राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने के लिए शिविर लगाने के निर्देश दिए हुए है। इसी क्रम में रायगढ़ तहसील कार्यालय में शिविर आयोजित किया गया।

एसडीएम रायगढ़ गगन शर्मा ने बताया कि कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के मार्गदर्शन में तहसील कार्यालय में वृहद समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें पूरे रायगढ़ तहसील की टीम आज यहां लोगों के राजस्व मामलों के त्वरित निराकरण के लिए एक ही स्थान में मौजूद थी। इसके लिए तहसीलदार, दो नायब तहसीलदार, दो सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख, 10 आरआई, 61 पटवारियों व ऑफिस स्टॉफ सहित 100 से लोगों की ड्यूटी लगायी गयी थी। शिविर में कुल 1984 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें से 94 फीसदी आवेदन मौके पर ही निराकृत कर दिए गए। उन्होंने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य अविवादित तथा आसानी से निपटने योग्य मामलों का त्वरित निराकरण करना था। ताकि आवेदकों को अनावश्यक असुविधा न हो। जिन मामलों में सुनवाई अथवा जांच की आवश्यकता है उस पर कार्यवाही शुरू कर दी गई है तथा जल्द उनका भी निराकरण कर लिया जाएगा। उन्होंने आगे ऐसे और शिविर आयोजित किए जाने की बात भी कही।

**राजस्व शिविर होना जनसामान्य के लिए अच्छी पहल**

तहसील कार्यालय रायगढ़ में आयोजित वृहद राजस्व शिविर में ग्राम-दुलोपुर के लालमणी पटेल पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि मेरी ऋण पुस्तिका गुम हो गयी थी, आज मैं यहां ऋण पुस्तिका लेने आया था और आधा घंटा में मुझे ऋण पुस्तिका मिल गया। उन्होंने इस शिविर को जनसामान्य के लिए अच्छी पहल बताया और मुख्यमंत्री एवं जिला प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया। इसी तरह एक अन्य महिला जाति प्रमाण-पत्र बनवाने आयी थी, उनका कहना था बहुत दिनों से मैं जाति प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए जा रही थी, लेकिन बन नहीं पा रहा था, आज राजस्व शिविर में आसानी से जाति प्रमाण-पत्र बन गया। इसी तरह अन्य लोग भी राजस्व शिविर में पहुंचे थे, जिनका फौती, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन सहित राजस्व से जुड़े मामले का मौके पर ही शीघ्रता से निराकरण हो गया।

**1868 आवेदनों का मौके पर हुआ निराकरण**

वृहद राजस्व शिविर में आज कुल 1868 आवेदनों का मौके पर निराकरण किया गया। इनमें फौती नामांतरण के 74, बंटवारा के 9, अभिलेख दुरूस्ती के 132, किसान किताब के 117, व्यपवर्तन के 8, व्यपवर्तन वसूली के 84, भू-अर्जन मुआवजा वितरण के 13, आरबीसी 6-4 मुआवजा वितरण के 18, मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान के 22, आय प्रमाण-पत्र के 229, निवास प्रमाण-पत्र के 234, जाति प्रमाण-पत्र के 334, जन्म मृत्यु प्रमाण-पत्र के 27, नक्शा, खसरा, बी-1 वितरण के 483 एवं अन्य राजस्व सेवाएं डिजिटल सिग्नेचर, नक्शा बटांकन के 48 प्रकरणों का निराकरण किया गया।

## अवैध खनिज परिवहन पर पुलिस व खनिज विभाग की बड़ी कार्यवाही, 28 गाड़ियां जब्त



**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा तथा पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन में जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण के खिलाफ आज बड़ी कार्यवाही की गई। पुलिस एवं खनिज विभाग की संयुक्त टीम द्वारा पूरे जिले में अभियान चलाकर अवैध खनिज परिवहन कर रहे कुल 28 गाडिय़ों को जब्त किया गया है और छ.ग.गौण खनिज नियमावली के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की गई।

ज्ञात है कि खनिज अमला एवं पुलिस अमला की संयुक्त दल द्वारा रायगढ़ जिले के तारापुर चौक, खरसिया, घरघोड़ा, लैलूंगा, धरमजयगढ़, पूंजीपथरा क्षेत्र में औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गौण खनिज चूनापत्थर के 13 वाहन एवं रेत के 15 वाहन के द्वारा अवैध खनिज परिवहन करते पाये जाने पर कार्यवाही कर गाडिय़ों को जब्त किया गया। जिला खनिज अधिकारी योगेन्द्र सिंह ने बताया कि इस मामले में छ.ग.गौण खनिज नियमावली के विभिन्न धाराओं के अंतर्गत दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि बिना अभिवहन पास के खनिजों का परिवहन करना दण्डनीय अपराध है। आगे भी इस प्रकार अवैध परिवहन की लगातार जांच व कार्यवाही की जाएगी।

## कांबिंग गश्त में संदिग्धों के साथ 67 फरार वारंटियों को किया गया गिरफ्तार

- **एसएसपी के निर्देशन पर शहर सहित देहात थानों में चलाया गया विशेष अभियान**
- **अभियान में साइबर और कोतवाली पुलिस ने 6 जुआरियों से 32,000 रुपए किया गया जब्त, घरघोड़ा पुलिस के हाथ आए दो बाइक चोर**



**रायगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा जिले में रात्रि गस्त को और सुदृढ बनाने तथा गस्त दौरान फरार वारंटियों एवं घूमते पाये गये संदिग्धों पर प्रभावी कार्यवाही करने के दिशा निर्देश दिए गए हैं, निर्देशों के पालन में कल रात्रि एडिशनल एसपी रायगढ़ संजय महादेवा, एसडीओपी खरसिया निमिषा पांडे, एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के नेतृत्व में जिला मुख्यालय एवं देहात थानों में पुलिस टीमों ने कॉम्बिन गस्त कर संदिग्धों एवं वारंटियों की धरपकड़ किया गया।

जिला मुख्यालय में रात्रि 11:30 बजे पुलिस कंट्रोल रूम में रात्रि गश्त पार्टी को एडिशनल एसपी संजय महादेवा द्वारा ब्रीफ कर उनके थाना क्षेत्र के फरार वारंटियों के सकुनत में जाकर चेक करने और कार्यवाही करने के निर्देश दिए तथा चेकप्वाइंट में लगे गस्त स्टाफ को उनके एरिया में घूम रहे व्यक्तियों से पूछताछ करने व घूमंतु व्यक्ति के समाधान कारक जवाब नहीं देने पर पेट्रोलिंग पार्टी को पांइट देकर संदेहियों को थाना लेकर आने निर्देश दिया गया। कॉम्बिंग गस्त दौरान रात्रि साइबर सेल एवं कोतवाली की संयुक्त टीम द्वारा केवड़ाबाड़ी शिवा नगर क्षेत्र में जुआ फड से 06 आरोपियों को पकड़ा गया है जिनके फड से रु.32000 नगद जप्त किया गया है। वहीं घरघोड़ा पुलिस ने 2 संदिग्ध युवकों को पकड़ा है जिनके पास से चोरी की बाइक बरामद हुई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा संदेहियों से बारीकी से पूछताछ कर अन्य चोरी मामलों में माल मुल्जिम पतासाजी का निर्देश थाना प्रभारी घरघोड़ा को दिया गया हैं।

इसी क्रम में कल जिले के थाना, चौकियों में 07 स्थायी वारंटी, 35 गिरफ्तारी वारंटी एवं 25 संदिग्ध घूमते युवकों को पकड़ा गया है जिन पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जा रही है। अभियान दौरान लैलूंगा पुलिस द्वारा 04 तथा थाना घरघोड़ा, तमनार, खरसिया द्वारा 1-1 स्थायी वारंटियों को पकड़ा गया है। वहीं गिरफ्तारी वारंटियों में पुसौर, कोतरारोड़ पुलिस ने 06, कोतवाली, भूपदेवपुर ने 5-5 एवं चौकी खरसिया ने 4-4 वारंटियों को उनके सकुनत से हिरासत में लिया गया है, जिन्हें आज कोर्ट पेश किया जावेगा।

## डीएमएफ शासी परिषद की बैठक में विभिन्न कार्यों का हुआ अनुमोदन

- **दूरस्थ अंचलों में बढ़ेगी स्वास्थ्य सुविधाएं व मैन पॉवर, यूथ सेंटर का होगा विस्तार**
- **स्वास्थ्य व शिक्षा के सुदृढ़ीकरण सहित विभिन्न विकास कार्य के प्रस्तावों को मिली स्वीकृति**




**रायगढ़।** जिला खनिज संस्थान न्यास शासी परिषद की बैठक आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2022-23 में डीएमएफ मद से तैयार किए गए कार्ययोजना के संबंध में विस्तृत चर्चा कर 64.82 करोड़ के विभिन्न विकास कार्यों का अनुमोदन परिषद द्वारा किया गया। बैठक में सांसद गोमती साय, जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा, पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार, सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। शासी परिषद की बैठक में जिला खनिज संस्थान न्यास निधि में प्राप्त आय एवं व्यय की जानकारी के साथ वित्तीय वर्ष 2022-23 के वार्षिक प्रतिवेदन का अनुमोदन किया गया। साथ ही निधि से स्वीकृत प्रगतिरत कार्यों की भी समीक्षा बैठक में की गई।

बैठक में कलेक्टर सिन्हा ने डीएमएफ मद के कार्ययोजना पर जानकारी देते हुए बताया कि उक्त राशि से जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण, कुपोषण मुक्ति, पेयजल आपूर्ति, शिक्षा, आजीविका संवर्धन जैसे क्षेत्रो में प्राथमिकता से कार्य किया जा रहा है। स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर उन्होंने कहा कि जिले के दूरस्थ अंचलों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की पदस्थापना की योजना है। इसके साथ ही स्वास्थ्य से जुड़े अन्य मानव संसाधन की भी व्यवस्था की जाएगी। रायगढ़ जिला मुख्यालय में दिव्यांग बच्चों के लिए एक छात्रावास बनाने की भी योजना है। जिले में लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने हाट-बाजार क्लिनिक संचालित किए जा रहे हैं। इसके साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में हमर लैब व ब्लड बैंक स्थापित किए जा रहे हैं। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में अधोसंरचना विकास के साथ बेहतर लैब और लाइब्रेरी की व्यवस्था की जा रही है। जिले के अन्य स्कूलों के मरम्मत के लिए शासन से राशि प्राप्त हुई है। आवश्यकता पडऩे पर डीएमएफ से भी राशि दी जाएगी। इसके साथ ही दूरस्थ अंचल के बच्चों को स्थानीय स्तर पर ही प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग के लिए ब्लाक मुख्यालयों में यूथ सेंटर चलाए जा रहे है। इसे और अधिक व्यापक स्तर संचालित कर अधिक से अधिक बच्चों को लाभान्वित करने की योजना है। इसके साथ ही कुपोषण की दर में कमी लाने पूरक पोषण आहार प्रदान किया जाएगा। कार्ययोजना में कृषि, उद्यानिकी, महिला एवं बाल विकास, कौशल विकास एवं रोजगार, सतत जीविकोपार्जन व मूलभूत सुविधाओं के साथ शासन की फ्लैगशिप योजनाओं के कार्य भी शामिल है।

सांसद गोमती साय ने सभी स्वीकृत कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करने की बात कही। जिससे हितग्राहियों को इसका समुचित लाभ मिले। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से कहा कि अपनी योजनाओं के साथ यहां स्वीकृत कार्यों का बेहतर क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर करें जिससे अंतिम व्यक्ति तक उसका फायदा पहुंचे। सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा ने विस्तार से गत वर्ष के कार्यो के बारे में बैठक में जानकारी दी तथा आगामी कार्ययोजना के बारे में बताया। बैठक के दौरान शासी परिषद के सदस्य अरूण मालाकार, अर्जुन सिंह, विशाखा राठिया, उर्मिला राठिया, राजकुमार धोबा, विद्यादेवी सिदार, जिला बाई राठिया, डीएफओ अभिषेक जोगावत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय : कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 23 अप्रैल को

- **ऑनलाईन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 20 मार्च को**

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले अंतर्गत संचालित एकलव्य विद्यालयों, बालक छोटे मुड़पार 60 सीट, कन्या छर्राटांगर 60 सीट, संयुक्त सिसरिंगा 60 सीट, संयुक्त हीरापुर 60 सीट (माध्यम अंग्रेजी)जिला-रायगढ़ में सत्र 2023-24 से प्रथम बार कक्षा छठवीं प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाईन पंजीयन www.eklavya.cg.nic.in के माध्यम से किया जाना निर्धारित है। जिसके लिए ऑनलाईन आवेदन भरने की अंतिम तिथि 20 मार्च 2023 रात्रि 12 बजे तक निर्धारित है एवं परीक्षा तिथि 23 अप्रैल 2023 को प्रात:10 से 12 बजे तक निर्धारित की गई है। ऑनलाईन पंजीयन के कार्यों के संपादन हेतु जिले में संचालित चार एकलव्य विद्यालयों में हेल्प डेस्क बनाया गया है जिसमें आवेदकों द्वारा उपलब्ध कराये गये वांछनीय दस्तावेजों जैसे-पांचवी पास होना या अध्ययनरत होने का प्रमाण-पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, मूल निवासी प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी चिकित्सा जांच प्रमाण-पत्र, सिकल सेल जांच प्रमाण-पत्र की जांच, ऑनलाईन आवेदन पत्र भरना, विद्यार्थियों के पात्रता संबंधी या परीक्षा संबंधी अन्य जानकारी प्रदाय किया जाना निर्धारित है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

## प्रत्येक तहसील में एक प्रदूषण जांच केन्द्र होगा प्रारंभ

- **एक मार्च तक आवेदन आमंत्रित**




**रायगढ़।** जिला परिवहन अधिकारी रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि खरसिया, लैलूंगा, घरघोड़ा, बरमकेला, सारंगढ़, पुसौर एवं तमनार में छत्तीसगढ़ मोटरयान प्रदूषण जांच केन्द्र योजना 2001 में विहित प्रावधानों के अनुसार प्रत्येक तहसील में 01 प्रदूषण जांच केन्द्र प्रारंभ किए जाने हेतु 1 मार्च 2023 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। आवेदक को प्रारूप-01 में आवेदन फीस 300 रुपये ऑनलाईन पेमेन्ट करना होगा, जो वापसी योग्य नहीं होगा।

आवेदक की निम्न अर्हताएं आवश्यक

आवेदक आवेदन की तारीख को हाईस्कूल या हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण की हो और वह आवेदन की तारीख को 18 वर्ष की आयु से कम न हो। प्रदूषण जांच केन्द्र संचालन हेतु आवेदक या उसके कर्मचारी के पास आईटीआई का मैकेनिक (डीजल)मैकेनिक (मोटरयान)का प्रमाण-पत्र या समतुल्य प्रमाण-पत्र होना चाहिए। आवेदक को केन्द्रीय मोटरयान नियमों के अधीन अपेक्षाओं के अनुपालन में मोटरयान से उत्र्सजित होने वाले धुएं और गैस की जांच के लिए स्मोकमीटर (प्रिंटर सहित)एनाइलाईजर (प्रिंटर सहित) और यानों की टियूनिंग के आवश्यक उपकरण रखना होगा। यदि मोटरवर्कशाप/मोटरसेवा केन्द्र या प्रदूषण जांच उपस्कर से सुसज्जित मोटरयान में काम करने वाले आवेदक के किसी कर्मचारी के पास ऑटोमोबाइल/मैकेनिकल इंजीनियरिंग में राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त डिप्लोमा या डिग्री हो तो प्राथमिकता दी जाएगी। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग अथवा अल्पसंख्यक समुदाय के आवेदक तथा शासन की ऋण योजनाओं में प्रदूषण जांच केन्द्र स्थापित करने हेतु ऋण प्राप्त आवेदक अथवा इकाई को भी उचित प्रतिनिधित्व दिया जाएगा। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालयीन दिवस एवं समय पर जिला परिवहन कार्यालय रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

## ट्रेलर वाहन में कोयला की जगह बजरी स्लैग भरकर लाने वाला फरार ट्रेलर ड्राइवर गिरफ्तार

- **5 साल से फरार आरोपी को कोतरा रोड पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर**
- **आरोपी ने अपने दो साथी ड्राइवरों के साथ जेएसपीएल कंपनी में ट्रेलर में भरकर लाया था बजरी स्लैग**

रायगढ़। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन पर थाना, चौकी प्रभारियों द्वारा फरार आरोपियों की सघन पतासाजी की जा रही है। इसी क्रम में कोतरारोड पुलिस द्वारा एडिशनल एसपी संजय महादेवा एवं सुपरविजन अधिकारी डीएसपी निकिता तिवारी के मार्गदर्शन पर 5 साल से फरार धोखाधड़ी और अमानत में खयानत के आरोपी मनोज कुमार साहू निवासी मालखरौदा, सक्ती को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी अपने दो साथी ट्रेलर ड्राइवरों के साथ मिलकर 03 ट्रेलर वाहन में बजरी भरकर जेएसपीएल कंपनी में लाया था, जिसके एवज में ड्रायवरों को रु.7000-रु.7000 दिया गया था। मामले के एक आरोपी को कोतरारोड़ पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान पेश किया गया था। फरार आरोपी मनोज साहू को कल रात्रि अभियान दौरान गिरफ्तार किया गया है।

घटना के संबंध में 03 नवंबर 2018 को अनूप रोड कैरियर के मैनेजर ने थाना कोतरारोड़ में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया था कि अक्टूबर 2018 को जिंदल स्टील पावर लिमिटेड द्वारा डियो लेटर कर दीपका माईस कोरबा से 03 ट्रेलर में कोयला लाने का कान्ट्रेक्ट दिया था जिस पर ट्रेलर क्रमांक 1. CG13AU-0335 2. CG12AU 0339 3. CG12AU-0346 के ड्राइवरों 1. दिनेश 2. अशोक मुडापार कोरबा 3. मनोज सक्ती के माध्यम से कांटेक्ट कर उन ट्रेलर में SECL दीपका माईस से कोरबा लोड करवाकर रायगढ जिंदल स्टील एण्ड पावर लिमिटेड पतरापाली रायगढ के लिए दिनांक 31.10.18 को तीनों ट्रेलर में लोड कर रवाना किये थे जो 01 नवंगर 2018 को जिंदल पहुंचा। तब जिंदल जाकर चेक किया गया जो चेक करने पर उक्त तीनों ट्रेलरों में कोयला के जगह बजरी स्लैग भरा हुआ मिला। धोखाधड़ी और अमानत में खयानत को लेकर थाना कोतरारोड़ में आवेदन दिये जाने पर कोतरारोड़ पुलिस अप.क्र. 294/2018 धारा 420, 406,34 आईपीसी का अपराध दर्ज कर आरोपी ड्रायवर दिनेश कुमार कौशिक निवासी ग्राम रसौटा, थाना बलौदा, जिला जांजगीर चांपा को गिरफ्तार किया गया। आरोपी दिनेश कुमार कौशिक ने बताया कि उन्हें एक गाडी के पीछे 7-7 हजार रूपये दिया गया तब गाड़ी में बजरी भरे तीनों ट्रेलर को JSPL लेकर आये थे। कोतरारोड़ पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपी के विरूद्ध चालान पेश किया गया था।

आरोपी मनोज साहू फरार था जिसकी पतासाजी, गिरफ्तारी के लिये थाना प्रभारी कोतरारोड़ उप निरीक्षक गिरधारी साव द्वारा मुखबिर लगाये गये थे, जिसके बाराद्वार में देखे जाने की सूचना पर थाने से सहायक उप निरीक्षक राजेंद्र राठौर के हमराह स्टाफ बाराद्वार रात्रि को रवाना हुई और आरोपी को गिरफ्तार थाने लाया गया। आरोपी मनोज कुमार साहू पिता मुन्ना लाल साहू उम्र 30 साल निवासी सोनादुला थाना मालखरौदा जिला सक्ती छत्तीसगढ़ को आज न्यायिक रिमांड पर पेश किया गया है। उनके साथियों एवं कोयले की हेराफेरी करने वालों की पतासाजी की जा रही है। थाना प्रभारी कोतरारोड उपनिरीक्षक गिरधारी साव एवं सहायक उप निरीक्षक राजेंद्र राठौर की आरोपी पतासाजी, गिरफ्तारी में अहम भूमिका रही है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480